सत्यमेव जयते

इंजीनियरी उत्कृष्टता के 155 वर्ष

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्यों के लिये संविदा की सामान्य शर्तें

GENERAL CONDITIONS OF CONTRACT FOR CENTRAL P.W.D. WORKS

CPWD
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
राष्ट्र निर्माण में समर्पित

2010

Incorporating Amendments upto O.M. No. DGW/CON/248 dt 8.01.2010

155 Years of Engineering Excellence

Cut here

Cut here

Major Changes made in GCC- 2010 w.r.t. GCC 2008 - At a glance

- CPWD - 6: Limit of CPWD contractors raised from Rs. 10 to 15 crore, value of executed works to be brought to current level by enhancing @ 7% per annum, about relatives of contractors in Hort./Nursery category working in CPWD, EM to be paid along with tender in place of paying with application, forfeiture of EM automatic if contractor fails to deposit PG within time, Bid to remain open for 90 days, BG against EM should be valid for 6 months. Conditions for composite tenders modified. Note added for choosing option of contractors of State PWD (B&R) or State Govt.'s organization dealing with B&R. Criteria of eligibility for issue of tender to CPWD/Non CPWD contractors laid down
- Clause 1 A :EM to be adjusted first in SD, validity of SD defined - to conform to provision of clause 17,
- Clause 3 (xii): Condition regarding 1/8 time deleted.
- Clause 5 - Authority to decide EOT, re-scheduling of mile stones in composite contracts to be indicated in schedule 'F'. Maximum amount to be withheld under clause 5 should not exceed 5% of tendered cost as notified vide OM no. MAN 169.
- Clause 7 - Authorities defined for making payment of running bills in composite contracts.
- Clause 10B(ii) : Contractor to submit BG of amount of mobilization advance being released.
- Clause 10C, 10CA & 10CC : Percentage of labour component (of the work) to be specified in Schedule "F", cost of secured advance on items covered under 10CA not to be included in 10CC but work done for 10CC includes cost of materials covered under 10CA, Base price of all the materials covered under 10CA to be filled in Schedule A to F in NIT.
- Clause 12.2 : Definition of Extra/Substituted items clarified.
- Clause 12.5 : Definition of works relating to foundation modified and made in consonance with definition contained in CPWD specifications.
- Clause 14: Re-introduced (in a modified form) for carrying out part work at risk & cost of contractor.
- Clause 19 I : Contactor to issue I-Cards to workers in certain maintenance/repairs/renovation works.
- Clause 25 : Apptt. of arbitrator by ADG/DG(W), if there is no CE. Notice to CE for appointment of arbitrator should be on prescribed proforma as per Appendix XV.
- Clause 37: Service tax to be reimbursed to contractor, Building and other construction Workers welfare cess payable by the contractor.
- Clause 38 : Service tax to be reimbursed to contractor, cess imposed by statute reimbursable to contractor.
- Clause 40 : About relatives of contractor in Hort./Nursery category working in CPWD.

Schedule 'F'

1. Bid to remain open for 90 days. In case of 2/3 envelope system, it is 90 days form opening of financial bid.
2. Mention of component of cement, steel deleted from clause 10 CC.
3. Authority to decide EOT, re-scheduling of mile stones in composite contracts to be indicated.
4 Component of labour expressed as percent of value of work to be indicated under clause IOC
5 Base price of all the materials covered under clause 10 CA to be mentioned at the time of approval of NIT

Note : 1. Provisions contained in CPWD Works Manual 2007 with upto date amendments shall be referred for filling up the Blank portion of CPWD Form 6, 7 & 8 etc. at the time of finalizing NIT.

2. **Before framing the Agreement, the above list of major changes shall be detached i.e. it will not form part of the Agreement.**

(Not to form part of the Agreement)

जी.सी.सी. 2010 में संविदा की सामान्य शर्तों में किए गए मुख्य परिवर्तन (जी.सी.सी. 2008 के संदर्भ में)– एक नजर में

- **के लो नि वि – 6:** के लो नि वि ठेकेदारों की सीमा 10 करोड़ रू से बढ़ाकर 15 करोड़ रू. कर दी गई, निष्पादित कार्यो के मूल्य को 7 प्रतिशत प्रति वर्ष से बढ़ाकर वर्तमान स्तर तक लाया जाएगा, केलोनिवि में ठेकेदारों के उद्यान/नर्सरी श्रेणी में कार्य कर रहे संबंधियों के बारे में, धरोहर राशि का भुगतान आवेदन पत्र के स्थान पर निविदा के साथ ही किया जाए, यदि ठेकेदार समय रहते निष्पादन गारंटी जमा नहीं करा पाता है तो धरोहर राशि स्वतः जब्त हो जाएगी, बोली 90 दिनों के लिए खुली रहेगी, धरोहर राशि पर बैंक गारंटी 6 माह तक मान्य होगी । संयुक्त निविदाओं के लिए शर्तों में संशोधन किया गया। राज्य लो नि वि (बी एवं आर) या बी एवं आर से डील करने वाले राज्य सरकार के संगठनों के ठेकेदारों का चयन करने हेतु नोट जोड़ा गया। के. लो. नि. वि./गैर के लो नि वि ठेकेदारों को निविदा जारी करने के लिए पात्रता मानदण्ड निर्धारित किए गए।
- **खण्ड 1 क :** धरोहर राशि को सर्वप्रथम प्रतिभूति जमा में समायोजित किया जाए, प्रतिभूति जमा की मान्यता निर्धारित की गई– खण्ड 17 के प्रावधान के अनुरूप बनाने हेतु।
- **खण्ड 3 (xii)** 1/8 समय संबंधी शर्त को हटाया गया।
- **खण्ड 5 –** समय विस्तार संबंधी निर्णय प्राधिकारी द्वारा लिया जाए, संयुक्त ठेकों में उपलब्धियों का पुनर्सूचीकरण अनुसूची 'च' पर दर्शाया जाएगा। रोकी जाने वाली अधिकतम राशि, निविदा राशि के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जैसा कि कार्यालय ज्ञापन मैन 169 में अधिसूचित है।
- **खण्ड 7 –** संयुक्त ठेकों में चालू बिलों का भुगतान करने के लिए प्राधिकारियों का निर्धारण किया गया है।
- **खण्ड 10 क (ii) :** जारी किए जा रहे मोबिलाइजेशन अग्रिम की राशि की बैंक गारंटी ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत की जाएगी।
- **खण्ड 10ग, 10 ग क एवं 10 ग ग :** श्रम घटक का प्रतिशत अनुसूची 'च' मे विनिर्दिष्ट किया जाए, 10 ग क के अंतर्गत कवर होने वाली मदों पर सुरक्षित अग्रिम की लागत को 10 ग ग में सम्मिलित नहीं किया जाएगा परंतु 10 ग ग के लिए किए गए कार्य में 10 ग क के अंतर्गत कवर होने वाली सामग्री की लागत सम्मिलित है, 10 ग क के अंतर्गत सभी सामग्रियों के आधारमूल्य को निविदा आमंत्रण सूचना में अनुसूची 'क' से 'च' में भरा जाए।
- **खण्ड 12.2 :** अतिरिक्त/प्रतिस्थापित मदों की परिभाषा स्पष्ट की गई।
- **खण्ड 12.5 :** नीव से संबंधित निर्माण कार्य की परिभाषा को संशोधित किया गया तथा के. लो. नि. वि. विनिर्देशों में दी गई परिभाषा के अनुरूप बनाया गया।
- **खण्ड 14 :** ठेकेदार के जोखिम और लागत पर कार्य के भाग का निष्पादन करने हेतु इस खण्ड को संशोधित रूप में पुनः लागू किया गया है।
- **खण्ड 19 I :** ठेकेदारों द्वारा कुछेक अनुरक्षण/मरम्मत/नवीनीकरण कार्यों में कामगारों को पहचान पत्र जारी किए जाएं।
- **खण्ड 25 :** मुख्य अभियंता के न होने पर अपर महानिदेशक, निर्माण महानिदेशक द्वारा मध्यस्थ नियुक्त किया जाए। मुख्य अभियंता को मध्यस्थ की नियुक्ति हेतु, नोटिस परिशिष्ट XV में निर्दिष्ट प्रोफारमा के अनुसार होगा।
- **खण्ड 37 :** सेवा कर की प्रतिपूर्ति ठेकेदार को की जाएगी। भवन निर्माण या निर्माण से जुड़े कामगारों के कल्याण हेतु अन्य उपकर की प्रतिपूर्ति ठेकेदार करेगा।
- **खण्ड 38 :** सेवा कर की प्रतिपूर्ति ठेकेदार को की जाएगी। विधान द्वारा लागये गये उपकर की प्रतिपूर्ति ठेकेदार को की जाएगी।
- **खण्ड 40 :** के. लो. नि. वि. में कार्यरत उद्यान/नर्सरी श्रेणी के ठेकेदार के संबंधियों के बारे में

अनुसूची 'च'

1. बोली 90 दिनों तक खुली रहेगी। 2/3 लिफाफा पदत्ति में, वित्तीय बोली के खुलने से 90 दिन तक।
2. सीमेंट, स्टील के घटक का उल्लेख खण्ड 10 ग ग से हटाया गया।
3. समय विस्तार का निर्धारण प्राधिकारी द्वारा किया जाए, संयुक्त ठेकों में उपलब्धियों के पुनर्सूचीकरण को दर्शाया जाए।
4. कार्य के मूल्य के प्रतिशत के रूप में दिखाए गए श्रम घटक को खंड 10 ग के अंतर्गत दर्शाया जाए।
5. खण्ड 10 ग क के अंतर्गत कवर होने वाली सभी सामग्रियों के आधारमूल्य का उल्लेख एन. आई. टी. के अनुमोदन के समय किया जाए।

टिप्पणी :

1. एन. आई. टी. को अंतिम रूप देते समय के. लो. नि. वि. फॉर्म 6,7 एवं 8 आदि के रिक्त भाग को भरने के लिए अद्यतन आशोधनों सहित के. लो. नि. वि. निर्माण कार्य नियम पुस्तिका 2007 में दिए गए प्रावधानों को ध्यान में रखा जाए।
2. **करार तैयार करने से पूर्व, मूख्य परिवर्तनों की उपर्युक्त सूची को हटा दिया जाएगा अर्थात् यह करार का हिस्सा नहीं होगा।**

प्रतिशत दर/मद दर निविदा एवं संविदा

Percentage Rate / Item Rate Tender & Contract

विषय सूची

Index

क्रम सं0 Sl No.	विवरण Details	पृष्ठ Page
1.	मानक फार्म के प्रयोग के लिये दिशानिर्देश Guidelines for use of the Standard Form	2
2.	निविदा फार्म के.लो.नि.वि. – 7/8 Tender Form CPWD - 7/8	3
	(i) साधारण नियम एंव निर्देश General Rules and Directions	5
	(ii) संविदा की शर्ते Conditions of Contract.	9
	(iii) संविदा के खंड Clauses of Contract.	12
	(iv) के.लो.नि.वि. सुरक्षा संहिता C.P.W.D. Safety Code.	58
	(v) आदर्श नियम Model Rules	63
	(vi) के.लो.नि.वि. ठेका श्रमिक विनियम C.P.W.D., Contractor's Labour Regualtions	69
	(vii) रजिस्टरों के प्रारूप Proforma of Registers	75
	(viii) सीमेंट गोदाम का रेखाचित्र Sketch of Cement Godown	92
	(ix) निष्पादन प्रतिभूति गारंटी का फार्म – बैंक गारंटी का बंधपत्र Form of Performance Security - Bank Guarantee Bond	93
3.	क से च तक अनुसूचियों के प्रारूप Proforma of Schedules A to F	95

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
राष्ट्र निर्माण में समर्पित

GENERAL GUIDELINES

1. This book of "General Conditions of Contract" is applicable to both types of tenders i.e." Percentage rate tenders and Item rate tenders". Accordingly, alternative provisions for conditions Nos. 4, 10 & 12 of the General Rules and Directions are given in this book. The appropriate alternatives will be applicable in specific cases depending on whether this is used for percentage rate tender (CPWD-7) or item rate tender (CPWD-8).

2. CPWD-6, Schedules A to F, special conditions/specifications and drawings only will be issued to intending bidders. The standard form will not be issued along with the Tender Documents but the same shall form part of the agreement to be drawn and signed by both parties after acceptance of tender.

3. All blanks are confined to Notice Inviting Tender (CPWD-6) and Schedules A to F.

4. Authority approving the Notice Inviting Tenders (NIT) shall fill up all the blanks in CPWD-6 and in Schedules B to F before issue of Tender Papers.

5. The intending bidders will quote their rates in Schedule A.

6. The proforma for registers and Schedules A to F are only for information and guidance. These are not to be filled in the Standard Form. The Schedules with all blanks, duly filled, shall be separately issued to all intending tenderers.

सामान्य दिशानिर्देश

1. "ठेके की सामान्य शर्तें", नामक यह पुस्तिका दोनों प्रकार की निविदाओं अर्थात "प्रतिशतता दर निविदाओं" और "मद दर निविदाओं", के लिए लागू है। तदनुसार सामान्य नियमों और निर्देशों की शर्तें संख्याओं 4, 10 और 12 के वैकल्पिक प्रावधान इस पुस्तक में दिए गए हैं। विशिष्ट मामलों में उचित विकल्प लागू होंगे जो इस बात पर निर्भर करेंगे कि यह प्रतिशतता दर निविदा (के. लो. नि. वि.–7) या मद दर निविदा (के. लो. नि. वि.–8) के लिए इस्तेमाल किया गया है।

2. के. लो. नि. वि.–6, अनुसूचियां 'क' से 'च' तक, विशेष शर्तें/विनिर्देश और नक्शे ही इच्छुक निविदाकारों को दिए जाएंगे। निविदा कागजों के साथ मानक फार्म नहीं दिया जाएगा किन्तु वह निविदा की स्वीकृति के पश्चात बनाए जाने वाले और दोनों पक्षकारों के हस्ताक्षर होने वाले करारनामें का भाग बनेगा।

3. सभी रिक्त स्थान निविदा आमंत्रण सूचना (के. लो. नि. वि.–6) और 'क' से 'च' तक की अनुसूचियों तक सीमित हैं।

4. निविदा कागज जारी करने से पहले निविदा आमंत्रण सूचना (नि. आ. सू.) का अनुमोदनकर्त्ता प्राधिकारी के. लो. नि. वि. –6 तथा 'ख' से 'च' तक की अनुसूचियों में खाली स्थान भरेगा।

5. इच्छुक निविदाकार अपनी दरें अनुसूची 'क' में बताएंगे।

6. रजिस्टरों और अनुसूचियों 'क' से 'च' तक के प्रारूप केवल सूचना और मार्गदर्शन के लिए हैं। इन्हें मानक फार्म में नहीं भरना है। सभी इच्छुक निविदाकारों को सभी खाली स्थान भरे जाकर अनुसूचियां अलग से जारी की जाएंगी।

C.P.W.D - 7/8

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT

STATE

BRANCH CIRCLE

ZONE DIVISION

SUB-DIVISION

Percentage Rate Tender / Item Rate Tender & Contract for Works

(A) Tender for the work of :-

.....

.....

(i) To be submitted by.....hours on.....to
(time) (date)

(ii) To be opened in presence of tenderers who may be present at.....hours on.....in the office of..... .

Issued to:.....
(contractor)

Signature of officer issuing the documents.....

Designation.....

Date of Issue:.....

TENDER

I/We have read and examined the notice inviting tender, schedule, A, B, C, D, E & F. Specifications applicable, Drawings & Designs, General Rules and Directions, Conditions of Contract, clauses of contract, Special conditions, Schedule of Rate & other documents and Rules referred to in the conditions of contract and all other contents in the tender document for the work.

I/We hereby tender for the execution of the work specified for the President of India within the time specified in Schedule 'F' , viz., schedule of quantities and in accordance in all respects with the specifications, designs, drawings and instructions in writing referred to in Rule-1 of General Rules and Directions and in Clause 11 of the Conditions of contract and with such materials as are provided for, by, and in respects in accordance with, such conditions so far as applicable.

We agree to keep the tender open for Ninety (90) days from the due date of its opening/Ninety days from the date of opening of financial bid in case tenders are invited on 2/3 envelope system (strike out as the case may be) and not to make any modifications in its terms and conditions.

A sum of Rs..... is hereby forwarded in cash/receipt treasury challan/ deposit at call receipt of a scheduled bank/fixed deposit receipt of scheduled bank/demand draft of a scheduled bank/bank guarantee issued by a scheduled bank as earnest money. If I/we fail to furnish the prescribed performance guarantee within prescribed period, I/we

के. लो. नि. वि.–7/8

भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

राज्य ..... परिमंडल .....

शाखा ..... मंडल .....

अंचल ..... उप–मंडल .....

कार्यों के लिए प्रतिशत दर/मद दर निविदा एवं संविदा

(अ) .....

..... कार्य के लिए निविदाः

(क) दिनांक ..... को ..... बजे .....

..... के कार्यालय में प्रस्तुत की जानी है।

(ख) उन निविदाकारों के समक्ष खोली जाएगी जो दिनांक ..... को ..... बजे....

..... के कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

सेवा में प्रेषित (ठेकेदार) : .....

कागजात जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर.....

पद .....

जारी करने की तारीख .....

निविदा

मैंने/हमने कार्य के लिए निविदा आमंत्रण सूचना, अनुसूची–क, ख, ग, घ, ड. और च, लागू विनिर्देश, नक्शे एवं डिजाइन, सामान्य नियम एवं निर्देश, ठेके के उपबंध विशिष्ट शर्तें, दर अनुसूची एवं अन्य कागजात तथा ठेके की शर्तो में दिये गए नियम तथा निविदा कागजात में उल्लिखित अन्य बातों को पढ़ व जांच लिया है।

मैं/हम, एतत्द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए अनुसूची 'च' विनिर्दिष्ट समय के अन्दर विनिर्दिष्ट कार्य, यथा–मात्राओं की अनुसूची तथा सभी संबंधित विनिर्देशों, डिजाइनों, नक्शों के अनुरूप तथा सामान्य नियमावली के नियम–1 और ठेके की शर्तों के खंड–11 में उल्लिखित लिखित अनुदेशों एवं ऐसी सामग्रियों, जो प्रदान की जाती हैं और उसके संबंध में, ऐसी शर्तें जो लागू हो, के अनुरूप निष्पादन हेतु निविदा देता हूं/देते हैं।

हम निविदा को, इसके खोले जाने की निर्धारित तारीख से 90 (नब्बे) दिन/यदि निविदायें 2/3 लिफाफे पद्धति से आमंत्रित की गयी हों तो वित्तीय बोली खुलने की तारीख से नब्बे (90) दिन (जो लागू न हो उसे काट दें) के लिए खुला रखने तथा इसकी शर्तों एवं निबंधनों में, किसी प्रकार का परिवर्तन करने के लिए सहमत हैं।

रु. ..... की धनराशि, धरोहर राशि के रूप में नकद/ट्रेजरी चालान रसीद/अनुसूचित बैंक की मांग जमा रसीद/अनुसूचित बैंक की सावधी जमा रसीद/अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप एतद्द्वारा अग्रेषित की जाती है। यदि मैं/हम निर्धारित निष्पादन गारंटी को निर्धारित समय अवधि में प्रस्तुत करनें में असफल रहते हैं तो मैं/हम यह मंजूर करते हैं कि भारत के उक्त राष्ट्रपति या उनके कार्यालय के उत्तराधिकारी किसी अन्य अधिकार या उपचारी उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उक्त धरोहर राशि जब्त करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र होंगे। इसके अलावा, यदि मैं/हम विनिर्दिष्ट कार्य प्रारम्भ करने में असफल रहते हैं, तो मैं/हम यह मंजूर करते हैं कि भारत के राष्ट्रपति या उनके कार्यालय के उत्तराधिकारी

agree that the said President of India or his successors in office shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit the said earnest money absolutely. Further, if I/we fail to commence work as specified, I/we agree that President of India or his successors in office shall without prejudice to any other right or remedy available in law, be at liberty to forfeit the said earnest money and the performance guarantee absolutely, otherwise the said earnest money shall be retained by him towards security deposit to execute all the works referred to in the tender documents upon the terms and conditions contained or referred to therein and to carry out such deviations as may be ordered, upto maximum of the percentage mentioned in Schedule 'F' and those in excess of that limit at the rates to be determined in accordance with the provision contained in Clause 12.2 and 12.3 of the tender form.

Further, I/We agree that in case of forfeiture of earnest money or both Earnest Money & Performance Guarantee as aforesaid, I/We shall be debarred for participation in the re-tendering process of the work.

I/We hereby declare that I/we shall treat the tender documents drawings and other records connected with the work as secret/confidential documents and shall not communicate information derived therefrom to any person other than a person to whom I/we am/are authorised to communicate the same or use the information in any manner prejudicial to the safety of the State.

Dated

Signature of Contractor
Postal Address

Witness:
Address:
Occupation:

ACCEPTANCE

The above tender (as modified by you as provided in the letters mentioned hereunder) is accepted by me for and on behalf of the President of India for a sum of Rs. .....
(Rupees.....
.....)

The letters referred to below shall form part of this contract Agreement:-

(a)

(b)

(c)

For & on behalf of the President of India.

Signatures.....

Dated.....

Designation.....

कानून में उपलब्ध किसी अन्य अधिकार या उपचारी उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उक्त धरोहर राशि, तथा निष्पादन गारंटी जब्त करने के लिए पूर्णतया स्वतंत्र होंगे अन्यथा उक्त धरोहर राशि निविदा कागजात के अनुसार उसमें निहित शर्तों व निबंधनों के अनुसार कार्यों के निष्पादन एवं आदिष्ट विचलनों को अनुसूची 'च' में वर्णित प्रतिशत से अनधिक व निविदा प्रपत्र के खंडों 12.2 व 12.3 में निहित प्रावधानों के अनुसार निश्चित की जाने वाली दरों पर उस सीमा से अधिक के विचलनों के करने के लिए उनके द्वारा प्रतिभूति–निक्षेप के रूप में रोक ली जाएगी।

इसके अतिरिक्त मैं/हम सहमत हैं कि बयाना राशी या बयाना राशी तथा उपर्युक्त निष्पादन गारंटी जब्त हो जाने के मामले में मुझे/हमें कार्य की पुनः निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

मैं/हम एतत्द्वारा घोषणा करते हैं कि मैं/हम निविदा कागजातों, नक्शों और कार्य से संबंधित अन्य अभिलेखों को गुप्त/गोपनीय कागजात के रूप में रखेंगे और उनसे प्राप्त/ली गई जानकारी किसी अन्य को, जिन्हें मैं/हम सूचित करने के लिए प्राधिकृत हों, से भिन्न किसी को, नहीं बताएंगे या जानकारी को किसी ऐसे रूप में प्रयोग नहीं करेंगे जो राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल हो।

ठेकेदार के हस्ताक्षर

तारीख .....

डाक पता

साक्षी

पता

उपजीविका

स्वीकृति

मैं भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए रु0 ..... (रूपए .....
.....)
की राशि के लिए उपर्युक्त निविदा (अधोलिखित पत्रों के अनुसार परिवर्तित) स्वीकार करता हूं।

नीचे दिए गए पत्र इस ठेका करार का हिस्सा होंगे।

(अ)

(ब)

(स)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए

हस्ताक्षर .....

पदनाम .....

तारीख .....

GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL PUBLIC WORKS DEPARTMENT

General Rules & Directions

1. All work proposed for execution by contract will be notified in a form of invitation to tender pasted in public places and signed by the officer inviting tender or by publication in News papers as the case may be.

   This form will state the work to be carried out, as well as the date for submitting and opening tenders and the time allowed for carrying out the work, also the amount of earnest money to be deposited with the application, and the amount of the security deposit and Performance guarantee to be deposited by the successful tenderer and the percentage, if any, to be deducted from bills. Copies of the specifications, designs and drawings and any other documents required in connection with the work signed for the purpose of identification by the officer inviting tender shall also be open for inspection by the contractor at the office of officer inviting tender during office hours.

2. In the event of the tender being submitted by a firm, it must be signed separately by each partner thereof or in the event of the absence of any partner, it must be signed on his behalf by a person holding a power-of attorney authorising him to do so, such power of attorney to be produced with the tender, and it must disclose that the firm is duly registered under the Indian Partnership Act, 1952.

3. Receipts for payment made on account of work, when executed by a firm, must also be signed by all the partners, except where contractors are described in their tender as a firm, in which case the receipts must be signed in the name of the firm by one of the partners, or by some other person having due authority to give effectual receipts for the firm.

Applicable for Item Rate Tender only (CPWD - 8)

4. Any person who submits a tender shall fill up the usual printed form, stating at what rate he is willing to undertake each item of the work. Tenders, which propose any alteration in the work specified in the said form of invitation to tender, or in the time allowed for carrying out the work, or which contain any other conditions of any sort, including conditional rebates, will be summarily rejected. No single tender shall include more than one work, but contractors who wish to tender for two or more works shall submit separate tender for each. Tender shall have the name and number of the works to which they refer, written on the envelopes.

   The rate(s) must be quoted in decimal coinage. Amounts must be quoted in full rupees by ignoring fifty paise and considering more than fifty paise as rupee one.

pplicable for rcentage Rate der only WD - 7)

4 A. In case of Percentage Rate Tenders, tenderer shall fill up the usual printed form, stating at what percentage below/above (in figures as well as in words) the total estimated cost given in Schedule of Quantities at Schedule-A, he will be willing to execute the work. Tenders, which propose any alteration in the work specified in the said form of invitation to tender, or



भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

सामान्य नियम एवं निर्देश

1. ठेके द्वारा निष्पादन के लिए प्रस्तावित सभी कार्यों की सूचना निविदा के लिए आमंत्रण के प्रारूप में दी जाएगी जो सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जाएगी और निविदा आंमत्रित करने वाले अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और समाचार पत्रों में प्रकाशित जैसा भी मामला हो, की जाएगी।

   इस प्रारूप में किए जाने वाले कार्य विवरण के साथ ही निविदाओं को प्रस्तुत करने और उन्हें खोलने की तारीख का और कार्य किए जाने के लिए अनुमत समय का तथा आवेदन पत्र के साथ जमा किए जाने वाले धरोहर धन की रकम का और सफल निविदाकारों द्वारा जमा की जाने वाली प्रतिभूति निक्षेप और निष्पादन गांरटी की रकम और बिलों में से जिस प्रतिशत से कटौती की जाएगी उसका भी विवरण होगा। पहचान के प्रयोजन के लिए निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी द्वारा डिजाइनों और आरेखों की प्रतियां तथा कार्य के संबंध में अपेक्षित कोई अन्य दस्तावेज भी निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान ठेकेदार द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रहेगी।

2. यदि निविदा किसी फर्म द्वारा दी जाती है तो वह उस फर्म के हर एक भागीदार द्वारा अलग–अलग हस्ताक्षरित की जानी चाहिए या किसी भागीदार की अनुपस्थिति में उसकी ओर से किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए जिसके पास उसे ऐसा करने के लिए प्राधिकृत करने वाला मुख्तारनामा हो। ऐसा मुख्तारनामा निविदा के साथ पेश किया जाएगा और उससे यह प्रकट होना चाहिए कि फर्म भारतीय भागीदारी अधिनियम 1952 के अधीन पंजीकृत है।

3. किसी फर्म द्वारा निष्पादित कार्य के बारे में किए गए संदायो की पावतियां भी सभी भागीदारों द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिएं किन्तु जहां ठेकेदार अपनी निविदा में फर्म के रूप में वर्णित है, वहां पावतियां किसी एक भागीदार द्वारा या फर्म के लिए प्रभावी पावतियां देने के प्राधिकार रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित की जानी चाहिए।

केवल मद पर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि – 8)

4. कोई भी व्यक्ति जो निविदा देता है, साधरण मुद्रित प्रारूप को भरेगा, जिसमें वह यह बताएगा कि वह निविदा में दी गई प्रत्येक कार्य मदों को किस दर पर करने के लिए सहमत हैं। जिन निविदाओं में निविदा के लिए आमंत्रण के उक्त प्रारूप में विनिर्दिष्ट कार्य में, या कार्य करने के लिए अनुमत्यं समय में किसी परिवर्तन की प्रस्तावना की गई हो अथवा सशर्त छूट दिए जाने की शर्त सहित किसी भी प्रकार की कोई अन्य शर्त निहित हो, ऐसी निविदाओं को अस्वीकार कर दिया जाएगा। किसी एकल निविदा के अन्तर्गत एक से अधिक कार्य नहीं होंगे किन्तु यदि ठेकेदार दो या अधिक कार्यों के लिए निविदा देना चाहें तो उन्हें प्रत्येक कार्य के लिए पृथक निविदा देनी होगी। लिफाफे के ऊपर निविदाओं से संबंधित कार्य का नाम और उसकी संख्या को लिखना होगा।

   दर (दरें) दाशमिक सिक्का प्रणाली में बताई जानी चाहिए। राशि रूपये में बताई जानी चाहिए पचास पैसे और उससे कम धनराशि छोड़ दी जाएगी और पचास पैसे से अधिक को एक रूपया माना जाएगा।

केवल प्रतिशतता दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –7)

4. (अ) प्रतिशत दर निविदाओं के मामले में निविदाकार सामान्य मुद्रित प्रारूप भरेगा, जिसमें वह यह बताएगा कि वह अनुसूची 'क' में दी गई मात्राओं की अनुसूची में दी गई कुल अनुमानित लागत से कितने कम/अधिक (अंकों और शब्दों दोनों में) प्रतिशत पर निर्माण कार्य संपन्न करना चाहेगा। जिन निविदाओं में उक्त निविदा आमंत्रण प्रारूप

in the time allowed for carrying out the work, or which contain any other conditions of any sort including conditional rebates, will be summarily rejected. No single tender shall include more than one work, but contractors who wish to tender for two or more works shall submit separate tender for each. Tender shall have the name and number of the works to which they refer, written on the envelopes.

5. The officer inviting tender or his duly authorised assistant, will open tenders in the presence of any intending contractors who may be present at the time, and will enter the amounts of the several tenders in a comparative statement in a suitable form. In the event of a tender being accepted, a receipt for the earnest money shall thereupon be given to the contractor who shall thereupon for the purpose of identification sign copies of the specifications and other documents mentioned in Rule-I. In the event of a tender being rejected, the earnest money shall thereupon be returned to the contractor remitting the same, without any interest.

6. The officer inviting tenders shall have the right of rejecting all or any of the tenders and will not be bound to accept the lowest or any other tender.

7. The receipt of an accountant or clerk for any money paid by the contractor will not be considered as any acknowledgment or payment to the officer inviting tender and the contractor shall be responsible for seeing that he procures a receipt signed by the officer inviting tender or a duly authorised Cashier.

8. The memorandum of work tendered for and the schedule of materials to be supplied by the department and their issue-rates, shall be filled and completed in the office of the officer inviting tender before the tender form is issued. If a form is issued to an intending tenderer without having been so filled in and incomplete, he shall request the officer to have this done before he completes and delivers his tender.

9. The tenderers shall sign a declaration under the officials Secret Act 1923, for maintaining secrecy of the tender documents drawings or other records connected with the work given to them. The unsuccessful tenderers shall return all the drawings given to them.

9A Use of correcting fluid, any where in tender document is not permitted. Such tender is liable for rejection.

Applicable for Item Rate Tender only (CPWD - 8)

10. In the case of Item Rate Tenders, only rates quoted shall be considered. Any tender containing percentage below/above the rates quoted is liable to be rejected. Rates quoted by the contractor in item rate tender in figures and words shall be accurately filled in so that there is no discrepancy in the rates written in figures and words. However, if a discrepancy is found, the rates which correspond with the amount worked out by the contractor shall unless otherwise proved be taken as correct. If the amount of an item is not worked out by the contractor or it does not correspond with the rates written either in figures or in words, then the rates quoted by the contractor in words shall be taken as correct. Where the rates quoted by the contractor in figures and in words tally, but the amount is not worked out correctly, the rates quoted by the contractor will unless otherwise proved be taken as correct and not the amount. In event no rate has been quoted for any item(s), leaving space both in figure(s), word(s), and amount blank, it will be presumed that the contractor has included the cost of this/these item(s) in other items and rate for such item(s) will be considered as zero and work will be required to be executed accordingly.

Applicable for Percentage Rate Tender only (CPWD - 7)

10 A. In case of Percentage Rate Tenders only percentage quoted shall be considered. Any tender containing item rates is liable to be rejected. Percentage quoted by the contractor in percentage rate tender shall be accurately filled in figures and words, so that there is no

में उल्लिखित कार्य में या कार्य करने के लिए निर्धारित समय में किसी प्रकार परिवर्तन करने का प्रस्ताव किया गया हो या जिसमें सशर्त छूट दिए जाने सहित किसी प्रकार की कोई अन्य शर्त निहित हो, उन्हे रद्द कर दिया जाएगा। किसी एक निविदा में एक से अधिक कार्य शामिल नहीं किया जाएगा, किन्तु जो ठेकेदार दो या अधिक कार्यों के लिए निविदा देना चाहता है, उसे प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग निविदा देनी होगी। निविदा में उन कार्यों के नाम और उन की संख्या लिफाफों पर लिखी जाएगी जिनसे वह सम्बंधित है।

5. निविदा आमंत्रित करने वाला अधिकारी या उसका सम्यक रूप से प्राधिकृत सहायक निविदाओं को किन्हीं ऐसे ठेकेदारों की उपस्थिति में खोलेगा जो ठेका लेने का विचार रखते हों और उस समय वहां उपस्थित हों और पृथक–पृथक निविदाओं की रकम को उपयुक्त प्रारूप में एक तुलनात्मक विवरण में दर्ज करेगा। किसी निविदा के स्वीकार किए जाने की दशा में धरोहर धन की पावती ठेकेदार को दे दी जाएगी जो नियम–1 में उल्लिखित विनिर्देशों और अन्य दस्तावेजों की प्रतियों पर पहचान के प्रयोजन के लिए हस्ताक्षर करेगा। किसी निविदा के अस्वीकार किए जाने की दशा में धरोहर धन उसको भेजने वाले ठेकेदार को बिना ब्याज के वापस कर दिया जाएगा।

6. निविदाएं आमंत्रित करने वाले अधिकारी को सभी निविदाओं या उनमें से किन्हीं को अस्वीकार करने का अधिकार होगा और वह निम्नतम निविदा या किसी भी अन्य निविदा को स्वीकार करने के लिए आबद्ध नहीं होगा।

7. ठेकेदार द्वारा संदत्त धन के लिए लेखापाल या लिपिक की पावती निविदा आमंत्रक अधिकारी को संदाय की अभिस्वीकृति नहीं मानी जाएगी और ठेकेदार की जिम्मदारी होगी कि वह निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी या सम्यक रूप से प्राधिकृत रोकड़ियों द्वारा हस्ताक्षरित पावती ले।

8. जिस कार्य के लिए निविदा दी जाती है उसका विज्ञापन विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री की अनुसूची और उनकी निर्गम दरें, निविदा प्रारूप जारी करने से पूर्व निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय में पूरी तौर से भरी जाएगी। यदि निविदा करने का विचार रखने वाले किसी निविदाकार को इस प्रकार भरे एवं पूर्ण किए बिना प्रारूप जारी कर दिया जाए तो वह अपनी निविदा पूरी करने और उसे देने से पूर्व कार्यालय से ऐसा करवा लेने के लिए निवेदन करेगा।

9. निविदाकार 'आफिशियल सीक्रेट एक्ट 1923' के तहत निविदा कागजात, ड्राइंग या उन्हें दिए गए कार्य से संबंधित अन्य अभिलेखों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए घोषणा पर हस्ताक्षर करेगा। असफल निविदाकार उन्हें दी गई सभी ड्राइंगे वापस कर देगा।

9 क. निविदा दस्तावेज़ में कहीं भी करेक्टिंग फ्ल्यूड का प्रयोग वर्जित है। ऐसी निविदा को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

केवल मद पर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –8)

10. मद दर निविदाओं के मामले में केवल बताई गई दरों पर विचार किया जाएगा। बताई गई दरों से कम/अधिक प्रतिशतता वाली किसी भी निविदा को अस्वीकार किया जा सकता है। मद दर निविदा में ठेकेदार दरें, अंकों एवं शब्दों में सावधानी से भरेगा ताकि अंकों एवं शब्दों में लिखी दरों में कोई अन्तर न रहे। फिर भी यदि अन्तर पाया जाता है तो ठेकेदार द्वारा आकलित दर के सदृश दरों को, यदि अन्यथा प्रमाणित न हो, सही माना जाएगा। यदि किसी मद की राशि ठेकेदार द्वारा आकलित नहीं की गई है या वह अंकों या शब्दों में लिखी गई दरों के सदृश नहीं है तो ठेकेदार द्वारा शब्दों में लिखी गई दरों को सही माना जाएगा। जहां ठेकेदार द्वारा अंकों और शब्दों में लिखी गई दरें समान हों लेकिन राशि सही आकलित न की हो तो ठेकेदार द्वारा लिखी गई दरों को, जब तक अन्यथा प्रमाणित न हो, सही माना जाएगा, राशि को नहीं। ऐसी स्थिति में जब किसी मद(मदों) के लिए कोई दर न बताई हो, अंको तथा शब्दों दोनों दोनों में जगह खाली छोड़ दी गई हो और राशि न भरी गई हो तो यह समझा जाएगा कि ठेकेदार ने इस मद/मदों की लागत अन्य मदों में सम्मिलित कर ली है तथा ऐसी मद(मदों) के लिए दर शून्य मानी जाएगी तथा कार्य का निष्पादन तदनुसार किया जाना अपेक्षित होगा।

केवल प्रतिशतता दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –7)

10.(अ) प्रतिशतता दर निविदाओं के मामले में केवल उल्लिखित प्रतिशत पर ही विचार किया जाएगा। जिस निविदा में मद दरें दी गई होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा। प्रतिशत दर निविदाओं में ठेकेदार द्वारा कथित प्रतिशत को सही सही अंकों और शब्दों में भरा जाएगा ताकि उसमें अंकों और शब्दों में लिखी गई प्रतिशतता में कोई

discrepancy. However if the contractor has worked out the amount of the tender and if any discrepancy is found in the percentage quoted in words and figures, the percentage which corresponds with the amount worked out by the contractor shall, unless otherwise proved, be taken as correct. If the amount of the tender is not worked out by the contractor or it does not correspond with the percentage written either in figures or in words, then the percentage quoted by the contractor in words shall be taken as correct. Where the percentage quoted by the contractor in figures and in words tally but the amount is not worked out correctly, the percentage quoted by the contractor will, unless otherwise proved, be taken as correct and not the amount.

11. In the case of any tender where unit rate of any item/items appear unrealistic, such tender will be considered as unbalanced and in case the tenderer is unable to provide satisfactory explanation, such a tender is liable to be disqualified and rejected.

Applicable for Item Rate Tender only (CPWD - 8)

12. All rates shall be quoted on the tender form. The amount for each item should be worked out and requisite totals given. Special care should be taken to write the rates in figures as well as in words and the amount in figures only, in such a way that interpolation is not possible. The total amount should be written both in figures and in words. In case of figures, the word 'Rs.' should be written before the figure of rupees and word 'P' after the decimal figures, e.g. 'Rs. 2.15 P' and in case of words, the word, 'Rupees' should precede and the word 'Paise' should be written at the end. Unless the rate is in whole rupees and followed by the word 'only' it should invariably be upto two decimal places. While quoting the rate in schedule of quantities, the word 'only' should be written closely following the amount and it should not be written in the next line.

Applicable for Percentage Rate Tender only (CPWD - 7)

12A. In Percentage Rate Tender, the tenderer shall quote percentage below/above (in figures as well as in words) at which he will be willing to execute the work. He shall also work out the total amount of his offer and the same should be written in figures as well as in words in such a way that no interpolation is possible. In case of figures, the word 'Rs.' should be written before the figure of rupees and word 'P' after the decimal figures, e.g. 'Rs. 2.15P and in case of words, the word 'Rupees' should precede and the word 'Paise' should be written at the end.

13. (i) The Contractor whose tender is accepted, will be required to furnish performance guarantee of 5% (Five Percent) of the tendered amount within the period specified in Schedule F. This guarantee shall be in the form of cash (in case guarantee amount is less than Rs. 10,000/-) or Deposit at call receipt of any scheduled bank/Banker's cheque of any scheduled bank/Demand Draft of any scheduled bank/Pay order of any scheduled bank (in case guarantee amount is less than Rs. 1,00,000/-) or Government Securities or Fixed Deposit Receipts or Guarantee Bonds of any Scheduled Bank or the State Bank of India in accordance with the prescribed form.

(ii) The contractor whose tender is accepted, will also be required to furnish by way of Security Deposit for the fulfillment of his contract, an amount equal to 5% of the tendered value of the work. The Security deposit will be collected by deductions from the running bills of the contractor at the rates mentioned above and the earnest money deposited at the time of tenders, will be treated as a part of the Security Deposit. The Security amount will also be accepted in cash or in the shape of Government Securities. Fixed Deposit Receipt of a Scheduled Bank or State Bank of India will also be accepted for this purpose provided confirmatory advice is enclosed.

14. On acceptance of the tender, the name of the accredited representative(s) of the contractor who would be responsible for taking instructions from the Engineer-in-Charge shall be communicated in writing to the Engineer-in-Charge.

विसंगति न होने पाए। तथापि, यदि ठेकेदार ने निविदा की राशि का आकलन किया है और यदि शब्दों और अंको में बताई गई प्रतिशता में कोई विसंगति पाई जाती है तो, जो प्रतिशतता ठेकेदार द्वारा निकाली गई राशि से अन्यथा प्रमाणित रूप से मेल खाती हो, उसे सही माना जाएगा। यदि ठेकेदार द्वारा निविदा की यह राशि नहीं निकाली जाती है अथवा अंकों और शब्दों में लिखित प्रतिशतता के साथ मेल नहीं खाती है, तो शब्दों में ठेकेदार द्वारा बताई गई प्रतिशतता सही मानी जाएगी। जहां ठेकेदार द्वारा अंकों और शब्दों में बताई गई प्रतिशतता से मेल खाती है लेकिन निविदा राशि का सही आकलन नहीं किया जाता है, तो जब तक अन्यथा प्रमाणित न हो, ठेकेदार द्वारा बताई गई प्रतिशतता सही मानी जाएगी, राशि नहीं।

11. यदि किसी निविदा में किसी मद/मदों की इकाई दर अवास्ताविक लगे तो ऐसी निविदा को असंतुलित माना जाएगा और यदि निविदाकार संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाता तो ऐसी निविदा अमान्य और अस्वीकृत की जा सकती है।

केवल मद दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –8)

12. सभी दरें निविदा फार्म में बताई जाएंगी, प्रत्येक मद के लिए राशि आकलित की जाएगी और अपेक्षित योग दिया जाएगा। दरें, अंकों के साथ–साथ शब्दों में और राशि केवल अंकों में लिखते समय विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उनमें कोई भ्रम न हो। कुल राशि अंकों एवं शब्दों, दोनों में लिखी जानी चाहिए। अंको के मामले मे रू. शब्द अंको से पहले और पैसे शब्द दशमलव अंको के बाद लिखा जाना चाहिए। उदाहरण के लिए रु. 2. 15 पै. और शब्दों के मामले में रूपए शब्द पहले और पैसे शब्द अंत में लिखा जाना चाहिए। यदि दर पूरे रूपए और बाद में 'केवल' शब्द सहित न हो तो उसे दशमलव के दो स्थानों तक लिखा जाएगा। मात्राओं की अनुसूची में दर लिखते समय 'केवल' शब्द राशि के बिल्कुल निकट लिखा जाना चाहिए और इसे अगली पंक्ति में नहीं लिखा जाना चाहिए।

केवल प्रतिशतता दर निविदा के लिए लागू (के लो नि वि –7)

12(अ) प्रतिशत दर निविदा में निविदाकर्त्ता उतनी कम/अधिक प्रतिशतता भरेगा (अंकों ओर शब्दों में) जिस पर वह कार्य करने का इच्छुक हो। वह अपनी पेशकश की कुल राशि की गणना भी करेगा और उसे अंकों ओर शब्दों में इस प्रकार लिखा जाना चाहिए कि उनकी जगह कुछ लिखना संभव न हो। अंको के मामले में रूपए के अंको के पहले रूपए शब्द लिखा जाना चाहिए तथा दशमलव अंकों के बाद पैसे शब्द अर्थात् रु. 2. 15 पै. और शब्दों के मामले में रूपए शब्द बाद में लिखा जाना चाहिए तथा शब्द पैसे सबसे अंत में लिखा जाना चाहिए।

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

13 (i) जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकार कर ली जाएगी, वह अनुसूची 'च' में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निविदित राशि के 5% (पांच प्रतिशत) की निष्पादन गारंटी उपलब्ध कराएगा। यह गारंटी निर्धारित प्रपत्र के अनुसार रोकड़ (यदि गारंटी राशि 10,000 रूपयों से कम हो) या किसी अनुसूचित बैंक की कॉल रसीद पर जमा/किसी अनुसूचित बैंक के बैंकर चैक/किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/किसी अनुसूचित बैंक के अदायगी आदेश (यदि गारंटी राशि 1,00,000 रूपयों से कम हो) या किसी भी अनुसूचित बैंक या भारतीय स्टेट बैंक की सरकारी प्रतिभूति या सावधिक जमा रसीद या गारंटी बंधपत्र के रूप में होगी।

(ii) जिस ठेकेदार की निविदा स्वीकार की जाती है उसे ठेका परिपूर्ण करने के लिए कार्य के निविदित मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर राशि, प्रतिभूति निक्षेप के रूप में देनी होगी। प्रतिभूति निक्षेप को, ऊपर उल्लिखित दरों पर, ठेकेदार के चल बिलों से कटौतियां करके वसूला जाएगा और ऐसी धरोहर राशि जिसे निविदा देते समय जमा कराया गया हो, उसे प्रतिभूति निक्षेप का हिस्सा माना जाएगा। प्रतिभूति राशि नकद या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी। अनुसूचित बैंक या स्टेट बैंक आफ इंडिया की सावधि जमा रसीद भी इस प्रयोजन के लिए स्वीकार किए जाएंगे बशर्ते 'कन्फर्मेटरी एडवाइस' संलग्न हो।

14. निवदा स्वीकार हो जाने पर ठेकेदार के अधिकृत प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों), जो भारसाधक इंजीनियर से अनुदेश लेने के लिए जिम्मेदार होगा, के नाम की लिखित सूचना भारसाधक इंजीनियर को दी जाएगी।

15. Sales-tax/VAT (except service tax), purchase tax, turnover tax or any other tax applicable in respect of this contract shall be payable by the Contractor and Government will not entertain any claim whatsoever in respect of the same. However, in respect of service tax, same shall be paid by the contractor to the concerned department on demand and it will be reimbursed to him by the Engineer-in-Charge after satisfying that it has been actually and genuinely paid by the contractor.
16. The contractor shall give a list of both gazetted and non-gazetted C.P.W.D. employees related to him.
17. The tender for the work shall not be witnessed by a contractor or contractors who himself/ themselves has/have tendered or who may and has/have tendered for the same work. Failure to observe this condition would render, tenders of the contractors tendering, as well as witnessing the tender, liable to summary rejection.
18. The tender for composite work includes, in addition to building work, all other works such as sanitary and water supply installations drainage installation, electrical work, horticulture work, roads and paths etc. The tenderer apart from being a registered contractor (B&R) of appropriate class, must associate himself with agencies of appropriate class which are eligible to tender for sanitary and water supply drainage, electrical and horticulture works in the composite tender.
19. The contractor shall submit list of works which are in hand (progress) in the following form:-

Name of work	Name and particulars of Divn where work is being executed	Value of work	Position of works in progress	Remarks
1.	2.	3.	4.	5.

20. The contractor shall comply with the provisions of the Apprentices Act 1961, and the rules and orders issued thereunder from time to time. If he fails to do so, his failure will be a breach of the contract and the Superintending Engineer/Executive Engineer may in his discretion, without prejudice to any other right or remedy available in law, cancel the contract. The contractor shall also be liable for any pecuniary liability arising on account of any violation by him of the provisions of the said Act.

15. इस ठेके के संबंध में बिक्री कर/मूल्य वर्धित कर (सेवा कर को छोड़ कर), क्रय कर, टर्नओवर कर या कोई भी अन्य कर ठेकेदार द्वारा दिया जाएगा और सरकार उनके संबंध में किसी भी तरह के दावे पर विचार नहीं करेगी। तथापि सेवा कर के संबंध में, मांग किये जाने पर, ठेकेदार इसका भुगतान संबंधित विभाग को करेगा तथा ठेकेदार को इसकी प्रतिपूर्ति भारसाधक इंजीनियर द्वारा यह सुनिश्चित करने के बाद की जायेगी कि ठेकेदार ने वास्तव में सेवा कर का भुगतान कर दिया है।

16. ठेकेदार के. लो. नि. वि. में कार्यरत अपने रिश्तेदारें, राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों दोनों की, सूची देगा।

17. ठेकेदार या ठेकेदारों, जिसने/जिन्होने स्वयं निविदा दी हो या जिसने/जिन्होंने उसी कार्य के लिए निविदा दी हो, वे कार्य के लिए निविदा में गवाह नहीं हो सकते। इस शर्त का पालन न करने पर निविदा देने के साथ–साथ निविदा का गवाह बनने वाले ठेकेदार की निविदा एकदम अस्वीकृत की जा सकती है।

18. संयुक्त कार्य के लिए निविदा में बिल्डिंग कार्य के अतिरिक्त सभी अन्य कार्य जैसे कि स्वच्छता और जल आपूर्ति संस्थापनाएं, जल निकासी, संस्थापनाएं, वैधुत कार्य, उद्यान कार्य, सड़कें और रास्ते आदि सम्मिलित है। निविदाकार समुचित श्रेणी का पंजीकृत ठेकेदार (भवन एवं सड़क) होने के साथ–साथ स्वयं समुचित श्रेणी की ऐसी एजेंसियों के संपर्क में हो जो संयुक्त निविदा में स्वच्छता और जल आपूर्ति निकासी, वैद्युत और उद्यान कार्यों के लिए निविदा देने की पात्र हों।

19. ठेकेदार, निम्नलिखित फार्म में, निष्पादनाधीन कार्यों की सूची प्रस्तुत करेगा।

कार्य का नाम	मंडल का नाम व विवरण जहां कार्य निष्पादित किया जा रहा है।	कार्य का मूल्य	कार्यों की स्थिति	टिप्पणी
1	2	3	4	5

20. ठेकेदार, 'अप्रैन्टिसेस एक्ट' 1961 के उपबंधों और समय समय पर उसके तहत जारी किए गए नियमों और आदेशों का पालन करेगा। यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो उसकी असफलता ठेके का उल्लंघन होगा। अधीक्षण इंजीनियर/कार्यपालक इंजीनियर अपने विवेकानुसार, किसी अधिकार या कानून में उपलब्ध उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ठेके को रद्द कर सकता है। ठेकेदार द्वारा उक्त अधिनियम का उल्लंघन किए जाने के कारण, उत्पन्न हुई किसी भी आर्थिक देयता के लिए ठेकेदार जिम्मेदार होगा।

CONDITIONS OF CONTRACT

Definitions

1. The **Contract** means the documents forming the tender and acceptance thereof and the formal agreement executed between the competent authority on behalf of the President of India and the Contractor, together with the documents referred to therein including these conditions, the specifications, designs, drawings and instructions issued from time to time by the Engineer-in-Charge and all these documents taken together, shall be deemed to form one contract and shall be complementary to one another.

2. In the contract, the following expressions shall, unless the context otherwise requires, have the meanings, hereby respectively assigned to them:-

   (i) The expression **works** or **work** shall, unless there be something either in the subject or context repugnant to such construction, be construed and taken to mean the works by or by virtue of the contract contracted to be executed whether temporary or permanent, and whether original, altered, substituted or additional.

   (ii) The **Site** shall mean the land/or other places on, into or through which work is to be executed under the contract or any adjacent land, path or street through which work is to be executed under the contract or any adjacent land, path or street which may be allotted or used for the purpose of carrying out the contract.

   (iii) The **Contractor** shall mean the individual, firm or company, whether incorporated or not, undertaking the works and shall include the legal personal representative of such individual or the persons composing such firm or company, or the successors of such firm or company and the permitted assignees of such individual, firm or company.

   (iv) The **President** means the President of India and his successors.

   (v) The **Engineer-in-charge** means the Engineer Officer who shall supervise and be in-charge of the work and who shall sign the contract on behalf of the President of India as mentioned in Schedule 'F' hereunder.

   (vi) **Government** or **Government of India** shall mean the President of India.

   (vii) The terms **Director General of Works** includes Additional Director General and Chief Engineer of the Zone.

   (viii) **Accepting Authority** shall mean the authority mentioned in Schedule 'F'.

   (ix) **Excepted Risk** are risks due to riots (other than those on account of contractor's employees), war (whether declared or not) invasion, act of foreign enemies, hostilities, civil war, rebellion revolution, insurrection, military or usurped power, any acts of Government, damages from aircraft, acts of God, such as earthquake, lightening and unprecedented floods, and other causes over which the contractor has no control and accepted as such by the Accepting Authority or causes solely due to use or occupation by Government of the part of the works in respect of which a certificate of completion has been issued or a cause solely due to Government's faulty design of works.

   (x) **Market Rate** shall be the rate as decided by the Engineer-in-Charge on the basis of the cost of materials and labour at the site where the work is to be executed plus the percentage mentioned in Schedule 'F' to cover, all overheads and profits.

ठेके की शर्तें

परिभाषाएं

(1) **ठेके** से निविदा और उसकी स्वीकृति तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से सक्षम प्राधिकारी और ठेकेदार के बीच निष्पादित औपचारिक करार के दस्तावेजों और उसके साथ उसमें निर्दिष्ट दस्तावेज अभिप्रेत है, जिनके अंतर्गत ये शर्तें, निर्देश, डिजाइन, आरेख और भारसाधक इंजीनियर द्वारा समय पर दिए गए अनुदेश भी हैं और ये सभी दस्तावेज एक साथ मिलकर एक ठेका माने जाएंगे और एक दूसरे के पूरक होंगे।

(2) ठेके में निम्नलिखित पदों के, जब तक कि संदर्भ से अन्य अपेक्षित न हो, वे ही अर्थ होंगे जो उन्हें इसके द्वारा क्रमशः दिए गए है:

(i) **कार्य** पद का अर्थ, जब तक कि विषय या संदर्भ में ऐसे अर्थ के विरूद्ध कोई बात न हो, किए गए ठेके द्वारा या उस आधार से किए जाने वाला कार्य होगा और माना जाएगा चाहे वे अस्थायी या स्थायी हों, और चाहे वे मूल, परिवर्तित, प्रतिस्थापित या अतिरिक्त हों।

(ii) **कार्यस्थल** से अभिप्रेत है वह भूमि/या अन्य स्थान जिस पर, जिसमें या जिसके माध्यम से ठेके के अधीन कार्य निष्पादित किया जाना है या कोई पार्श्वस्थ भूमि, पथ या मार्ग जिसके माध्यम से ठेके के अधीन कार्य निष्पादित किया जाना है या कोई पार्श्वस्थ भूमि, पथ या मार्ग जो ठेके को कार्यान्वित करने के लिए आबंटित या प्रयुक्त किया जाए।

(iii) **ठेकेदार** से ऐसा व्यक्ति या फर्म या कम्पनी, चाहे वह निगमित हो या नहीं, अभिप्रेत है जो कार्य का भार अपने ऊपर ले और इसके अन्तर्गत विधिक वैयक्तिक प्रतिनिधि या ऐसी फर्म या कम्पनी गठित करने वाले व्यक्ति या ऐसी फर्म या कम्पनी के उत्तराधिकारी और ऐसे व्यक्ति या फर्म या फर्मो या कम्पनी के अनुज्ञात समनुदेशिती भी होंगे।

(iv) **राष्ट्रपति** से भारत के राष्ट्रपति और उनके पदोत्तरवर्ती अभिप्रेत हैं।

(v) **भारसाधक इंजीनियर** से वह, इंजीनियर अधिकारी अभिप्रेत है जो कार्य का पर्यवेक्षण करेगा और उसका भारसाधक होगा और जो भारत के राष्ट्रपति की ओर से ठेके पर हस्ताक्षर करेगा और यहाँ नीचे अनुसूची 'च' में उल्लिखित हैं।

(vi) **सरकार** या **भारत सरकार** से भारत के राष्ट्रपति अभिप्रेत हैं।

(vii) **निर्माण महानिदेशक** पद के अंतर्गत अपर महानिदेशक और अंचल के मुख्य इंजीनियर भी हैं।

(viii) **स्वीकारकर्ता प्राधिकारी** से अनुसूची 'च' में उल्लिखित प्राधिकारी अभिप्रेत है।

